एक नजर में

रोटरी क्लब ने मनाया रंगोत्सव, ''रंग बरसे'' कार्यक्रम का किया भव्य आयोजन

मंदसौर। रंग पंचमी के अवसर पर रोटरी क्लब मंदसौर द्वारा स्थानीय प्रेम गार्डन में 'रंग बरसे' कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ गुलाल एवं फूलों से होली खेलकर रंगोत्सव मनाया। कार्यक्रम के दौरान डीजे व ढोल की की थाप पर सभी सदस्यों ने उत्साह वो उमंग के साथ रंग पंचमी की मस्ती का भरपूर आनंद लिया। आयोजन के अंतर्गत विभिन्न मनोरंजक गेम्स का भी आयोजन किया गया, जिसमें सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को क्लब की ओर से पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब मंदसौर के सहमंडलाध्यक्ष संजय गोठी, अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सचिव कपिल भंडारी, कोषाध्यक्ष संजय जैन, पूर्वध्यक्षगण दिनेश जैन (सीए), प्रमोद कीमती, सुधीर लोढ़ा, प्रवीण उकावत, राजेश सिंघवी, कमलेश कुमावत, पवन पोरवाल, सुरेंद्र जैन (योग गुरु) सहित क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ ऋषि मेहता ने किया वो गेम्स श्रीमती नेहा भंडारी व मीनू सोनी द्वारा खिलाए गए।

खरीदी केंद्रों की तैयारी समय पर पूरी करें, गर्मी में पेयजल व्यवस्था रखें सुचारू : कलेक्टर

मंदसौर। कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग की अध्यक्षता में सोमवार को सुशासन भवन सभागार में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि एसडीएम व तहसीलदार ऑनलाइन वीसी से जुड़े। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 10 मार्च तक किया जाएगा। जिले में अब तक करीब 55 हजार किसानों का पंजीयन हो चुका है। पंजीयन के बाद खरीदी केंद्रों पर गेहूं खरीदी शुरू होगी, इसलिए सभी अधिकारी केंद्रों का निरीक्षण कर भंडारण, बारदान, वेयरहाउस व्यवस्था और कर्मचारियों का प्रशिक्षण समय से पूरा करें। वहीं सरसों उपार्जन के लिए किसानों से 20 मार्च तक पंजीयन कराने की अपील भी की गई। कलेक्टर ने गर्मी को देखते हुए जिले में पेयजल व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश देते हुए पीएचई, डब्ल्यूआरडी, जल निगम एवं जल जीवन मिशन के अधिकारियों को ट्यूबवेल मेंटेनेंस, मोटर जांच, सामूहिक जलप्रदाय योजनाओं की समीक्षा तथा नई बसाहटों तक पानी पहुंचाने की कार्ययोजना बनाने को कहा। साथ ही पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने और पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच के निर्देश दिए। बैठक में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को टीकाकरण का समय बढ़ाकर शाम 8 बजे तक करने तथा शिक्षा विभाग को स्कूलवार कैलेंडर बनाकर किशोरियों का टीकाकरण सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा राजस्व वसूली में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने, परिवहन विभाग व पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करने तथा 'संकल्प से समाधान' अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय पर निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने जल संचय जनभागीदारी अभियान के तहत जिले की जल संरचनाओं को चिन्हित कर उन्हें ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड कर शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश भी दिए।

खेत के विवाद में दो पक्षों में मारपीट दोनों की रिपोर्ट ,7 पर क्रॉस केस

पिपलियामण्डी। नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम ऐरा में खेत के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर दोनों पक्षों के 7 लोगों पर क्रॉस केस कायम किया है।

पुलिस के अनुसार फरियादी रोहित (32) पिता गोविंदराम धाकड़ निवासी ग्राम ऐरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह करीब 6 बजे वह अपने पिता गोविंदराम, मां रुकमणबाई और पत्नी राधाबाई के साथ खेत पर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में हरिश धाकड़, ओमप्रकाश धाकड़ और बाबू धाकड़ मिल गए। हरिश ने रोहित से पूछा कि तुमने हमारे खिलाफ थाने में रिपोर्ट क्यों लिखवाई। साथ ही अफीम वाले खेत पर कब्जा करने और वहां खेती नहीं करने देने की बात कही तथा जमीन पर खेती करने के बदले एक लाख रुपये की मांग की। रोहित के अनुसार विरोध करने पर हरिश धाकड़ ने लट्ठ से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे उसके ललाट पर चोट लग गई और खून निकलने लगा। बीच-बचाव करने आई उसकी मां रुकमणबाई पर ओमप्रकाश धाकड़ ने लट्ठ से हमला किया, जबकि बाबू धाकड़ ने उनके हाथ पर वार कर दिया, जिससे उनका हाथ टूट गया।

मारपीट में रोहित के पिता गोविंदराम और पत्नी राधाबाई भी घायल हो गए। बाद में सभी का उपचार नाहरगढ़ के सरकारी अस्पताल में कराया गया और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने हरीश, ओमप्रकाश व बाबू धाकड़ के खिलाफ केस दर्ज किया। वहीं दूसरे पक्ष के फरियादी हरीश (24) पिता ओमप्रकाश धाकड़ ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि हरिश ने बताया कि 6 मार्च की सुबह वह अपनी मां कारीबाई के साथ खेत पर जा रहा था। इसी दौरान बालमुकुंद धाकड़ के बाड़े के सामने पुरुषोत्तम धाकड़, गोविंद धाकड़ और बापुलाल धाकड़ आए और गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद सरिया और लकड़ी से मारपीट शुरू कर दी।

हरीश के अनुसार मारपीट में उसके काका बाबूलाल, पिता ओमप्रकाश, बहन वंदना और अंजना सहित कई लोगों को चोटें आईं। बीच-बचाव के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए। घायलों को पहले नाहरगढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल मंदसौर रेफर किया गया। पुलिस ने पुरुषोत्तम, गोविन्द, बाबूलाल व समरथ धाकड के खिलाफ केस दर्ज किया।

ऋषियानंद आश्रम में गूँजी फाग की स्वरलहरियाँ

मन्दसौर। स्थानीय तेलिया टैंक स्थित श्री ऋषियानंद आश्रम में फाग महोत्सव का आयोजन अपार श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर आश्रम परिसर भक्ति के रंगों और फूलों की खुशबू से सराबोर नजर आया, जहाँ बड़ी संख्या में मातृशक्ति और भगवान ऋषियानंद के भक्त जनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस महोत्सव की विशेष बात यह रही कि यहाँ पारंपरिक रंग-गुलाल के स्थान पर पूर्णत: प्राकृतिक स्वरूप में केवल फूलों से होली खेली गई, जिसने उत्सव की दिव्यता को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 10.30 बजे हुआ, जो अपराह्न 4 बजे तक अनवरत जारी रहा। भक्ति और संगीत के इस संगम के अंत में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने प्रसादी भंडारे में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिया। इस गरिमामयी आयोजन में श्री ऋषियानंद ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र जोशी, कोषाध्यक्ष पं. नरेंद्र पांडे तथा श्री ऋषियानंद सुंदरकांड मंडल के संयोजक महेश गेहलोद विशेष रूप से उपस्थित रहे।

महिलाओं को साड़ी भेंट कर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान

▶ शासन की योजना अनुसार महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया जायेगा - श्रीमती तिवारी

मंदसौर। ग्राम बही पार्श्वनाथ पर श्री श्री माँ शक्ति सेवा संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माँ सरस्वती के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। क्षेत्र की समस्त महिलाओं ने जन जागृति के लिए नृत्य और नाट्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर श्री श्री माँ शक्ति सेवा संस्था की सचिव श्रीमती राधिका तिवारी द्वारा शासन की योजनाओं से वंचित महिलाओं को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि शासन की योजना अनुसार महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया जायेगा। कार्यक्रम में बेटियों को शिक्षित कर देश के विकास में भागीदार बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पं. गोपाल तिवारी द्वारा महिलाओ को साड़ी व फल भेट कर सम्मान किया गया।

मंदसौर में भी मना भारत की जीत का जश्न, युवाओं ने निकाला जुलूस

मंदसौर। 8 मार्च रविवार को भारतीय क्रिकेट टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप के फायनल मुकाबले में न्यूजीलैण्ड को हराकर वर्ल्ड कप जीता। भारत की जीत का जश्न मंदसौर में भी मनाया गया। मंदसौर के युवाओं ने नगर के गांधी चौराहा पर एकत्रित होकर एक जुलूस भी निकाला और सभी को भारत की शानदार जीत की बधाईयां दी। इस अवसर पर ढोल की थाप पर युवाओं ने खूब डांस कर जीत का जश्न मनाया।

क्रिकेट प्रशंसक युवा अरूण मारू ने बताया कि यह जीत भारत के लिए इसलिए भी शानदार रही क्योंकि इस जीत से भारत ने इतिहास को दोहराया भी और इतिहास को बचाया भी। हम लगातार दूसरी बार चैम्पियन बनें यह हमारे लिए गर्व की बात है।

इस अवसर पर अरूण मारू, शराफत हुसैन, नवीन शर्मा, अक्षय मारु, अनिल दुग्गड, विशाल राठौर, नितीन शर्मा, अंकित नागदा, अभिषेक टांक, परम वसंता, पवन माहेश्वरी, पंकज शर्मा, नीरज शर्मा, कमलेश प्रजापत, महावीर जीनगर , ऋतिक राठौर, प्रवीण पोरवाल सहित बड़ी संख्या में नगर के युवा जन मौजूद थे।

एक नजर ▶ माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश ने दिखाई हरी झंडी

नेशनल लोक अदालत के प्रचार हेतु प्रचार-रथ रवाना

मंदसौर। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आज 9 मार्च 2026 को माननीय श्री अनीष कुमार मिश्रा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मंदसौर द्वारा प्रचार-रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

प्रचार-रथ के माध्यम से जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जाकर नेशनल लोक अदालत के आयोजन का प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा आमजन को लोक अदालत में प्रकरणों के त्वरित एवं आपसी सहमति से निराकरण के संबंध में जागरूक किया जाएगा।

इस अवसर पर मनोज कुमार तिवारी, विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज), माननीय सिद्धार्थ तिवारी, विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रघुवीर सिंह पंवार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुधीर सिंह निगवाल, विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री योगेश आठनेरे, कार्यपालन यंत्री दीपक बांदिल, विद्युत वितरण कंपनी की विधि अधिकारी नेहा सोमपुरा, अधिवक्ता संदीप भार्गव, अमित कटलाना सहित अन्य अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

नीमच

एक नजर में

गंदे पानी की शिकायतें, बीटीएल कंपनी और नपा अमले को कड़ी हिदायत, केमिकल डोज बढ़ाने के निर्देश

नीमच। शहर में गंदे पानी की आपूर्ति और बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर नगर पालिका की जलकल सभापति छाया जायसवाल ने कड़ा रुख अपनाया है। रविवार शाम को नगर पालिका कार्यालय में एक आपात बैठक बुलाई गई, जिसमें जल वितरण का कार्य देख रही बीटीएल कंपनी के प्रतिनिधियों और नगर पालिका की जलकल शाखा के अधिकारी-कर्मचारियों को तलब किया गया। बैठक में सभापति ने शहर में स्वच्छ जल वितरण सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता के स्वास्थ्य से जुड़े इस संवेदनशील मुद्दे पर पानी की शुद्धता में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभापति जायसवाल ने केमिस्ट और तकनीकी स्टाफ को वाटर प्लांट से आपूर्ति शुरू करने से पहले एलम (फिटकरी) और ब्लीचिंग पाउडर का उचित मात्रा में उपयोग करने का निर्देश दिया। उन्होंने गंदे पानी की समस्या समाप्त करने के लिए केमिकल का डोज बढ़ाने और पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच करने के आदेश दिए। किसी भी कमी की स्थिति में केमिस्ट को तुरंत उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट करने को कहा गया। सभापति ने जल प्रदाय के बिगड़ते समय चक्र पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि समय पर पानी उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और इसके लिए एक नई रूपरेखा तैयार की जा रही है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि गंदे पानी की शिकायत मिलने पर नगर पालिका की विशेष टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में केमिस्ट सुरेश पवार, बीटीएल कंपनी के आकाश गौड़ और जलकल विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

पति ने एसपी से लगाई गुहार, मायके पक्ष पर लगाया 7 माह की बच्ची सहित पत्नी को मायके में जबरन रोके रखने का आरोप

नीमच। जिले के जावद तहसील क्षेत्र के ग्राम गोडी निवासी एक युवक ने अपनी पत्नी को मायके पक्ष द्वारा जबरन रोककर रखने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की है। एसपी कार्यालय में दिए गए आवेदन में सुनील बलाई पिता जगदीश बलाई ने बताया कि उसका विवाह ग्राम चचोर तहसील रामपुरा निवासी रीना पिता भवानीशंकर बलाई के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह के बाद पत्नी उसके साथ ग्राम गोडी में रह रही थी। दंपत्ति की 7 माह की एक पुत्री कीर्ति भी है। आवेदन में सुनील बलाई ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी की माता गोदावरी बाई ने उसे अपने घर ग्राम चचोर ले जाकर तब से जबरन रोक रखा है। साथ ही आरोप है कि पत्नी को वापस भेजने के बदले रुपयों की मांग की जा रही है, जबकि उसकी पत्नी बच्ची सहित पति के पास वापस आने के लिए तैयार है। सुनील बलाई ने यह भी आरोप लगाया कि उसकी पत्नी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है तथा उसे मिलने भी नहीं दिया जा रहा। युवक ने पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया है कि उसकी पत्नी को बच्ची सहित थाने बुलाकर स्वतंत्र रूप से बयान लिए जाएं और उचित कार्रवाई करते हुए उसे पति के साथ भेजा जाए।

जल्द सड़क निर्माण शुरू नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

▶ सड़क निर्माण को लेकर व्यापारियों और नागरिकों ने दिया तहसीलदार को दिया ज्ञापन

सिंगोली। नगर के सबसे व्यस्ततम तिलस्वां चौराहा से लेकर पेट्रोल पम्प तक सड़क निर्माण सांवरिया कंस्ट्रक्शन उदयपुर राजस्थान द्वारा किया जा रहा है उक्त सडक को निर्माण एजेंसी ने पिछले लगभग 02 माह पूर्व खोदकर तथा गिट्टी बिछाकर अधूरा छोड दिया। सडक निर्माण ठेकेदार द्वारा सडक का काम अधूरा छोडने तथा गिट्टी डालने के कारण व्यापारियों और नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है जिसे लेकर नागरिकों एवं व्यापारियों ने दोपहर 12 बजे पेट्रोल पंप से पैदल मार्च कर नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन तहसीलदार के प्रतिनिधि को देकर जल्द से जल्द सड़क निर्माण की मांग की है।ज्ञापन में बताया गया कि उक्त सडक मार्ग से प्रतिदिन सैकडों की संख्या में छोटे बडे वाहन निकलते हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। अभी कुछ दिन पूर्व ही बडे वाहन. से गिट्टी पत्थर उछलकर एक कपडा व्यापारी की दुकान में लगे कांच के दरवाजे से टकरा गया जिससे उसका दरवाजा टूटकर चकनाचूर हो गया गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। उक्त मार्ग पर उडती धूल और आए दिन छोटी छोटी दुर्घटनाओं के कारण नागरिकों एवं पैदल चलने वाले राहगीरों तथा व्यापारियों वाहन चालकों में भय का वातावरण बना हुआ है तथा नागरिक नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।हम नगरवासियों व्यापारियों के आवेदन पर तत्काल कार्यवाही करते हुए जल्द से जल्द सडक निर्माण का कार्य प्रारम्भ करवाया जाकर हमें राहत प्रदान करने की कृपा करें। यदि जल्द ही उक्त मार्ग का कार्य प्रारम्भ नहीं किया जाता है तो हमें आंदोलन और धरना प्रदर्शन करने के लिये मजबूर होना पडेगा।ज्ञापन के दौरान संजय कोठारी, मनोज मेहता, सोहन लाल राठौर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेश नागोरी, विजय जैन, छीतर धाकड़, प्रदीप चौधरी, संजय भंडारी, किशोर सोनी, दिलीप जैन, नवीन जैन, हरीश जीनगर, राजू सुथार, अरविंद लबाना, जंबू कुमार मेहता सहित अनेक वार्डवासी एवं व्यापारीगण उपस्थित थे।

मरीज सुधीर चौहान के मामले में अस्पताल के प्रति भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही

नीमच। ज्ञानोदय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा मरीज सुधीर चौहान के विषय में जानकारी दी है, जो इस प्रकार है।

मरीज सुधीर पिता मनोहर लाल चौहान ज्ञानोदय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में दिनांक 02/03/2026 को रात्रि 9:38 पर लाये गए थे। मरीज के परिजनों द्वारा अस्पताल को जानकारी दी गई की उक्त दिनांक को रात्रि 8 बजे जब सुधीर भगवान पूरा चौराहा इंदिरा नगर नीमच पर था तब एक गाय ने उसे धक्का मारा था जिससे उसे गंभीर चोटें आयी। मरीज जब ज्ञानोदय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के इमरजेंसी यूनिट में आया था तब स्थिति अत्याधिक गंभीर थी मरीज अचेत अवस्था में था। चिकित्सीय भाषा में मरीज के किसी हिस्से में कोई हलचल नहीं थी व दोनों आँखों की पुतलियाँ फैली हुई थी व कान से भी खून का रिसाव था।

मरीज के परिजनों को मरीज की स्तिथि के बारे में पूर्णतह अवगत करा दिया गया था की इनकी जान को खतरा है व् तुरंत ऑपरेशन करने की सलाह दी गयी थी। स्तिथि के हर पहलु को मद्देनज़र रखते हुए परिजनों द्वारा पूरी तरह हालात को समझा गया एवं मरीज के ऑपरेशन की स्वीकृति परिजनों द्वारा अस्पताल को प्रदान की गयी।ऑपरेशन के दौरान यह पाया गया की मरीज के मस्तिष्क में अत्याधिक सूजन थी व ऑपरेशन के तुरंत बाद मरीज को आईसीयू में शिफ्ट किया गया था और हर संभव प्रयास और बेहतर चिकित्सा की गई थी। किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती गई।

मरीज का आयुष्मान कार्ड होने की जानकारी परिजनों द्वारा अस्पताल को अगले दिन दिनांक 03/03/2026 को दी गई, तत्पश्च्यात मरीज की चिकित्सा को आयुष्मान योजना के अंतर्गत लिया गया। उक्त दिनांक से पूर्व अस्पताल द्वारा जो शुल्क रु 15000/- लिया गया था, वह मरीज की आपातकालीन जाँचों व अन्य शुल्कों का था जो की बतौर सुरक्षा निधि आपातकालीन स्थिति में जमा करवाया जाता है। परिजनों को मरीज की वास्तविक स्थिति से पूर्णत: अवगत करवा दिया गया था लेकिन उनके द्वारा मरीज की मृत्यु के पश्चात किसी के बहकावे में आकर अस्पताल के प्रति भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही जो की निराधार और तथ्यहीन है।

एक नजर ▶ विधायक मारू ने ड्रायविंग लायसेंस और हेलमेट वितरित किए

संकल्प से समाधान अभियान के तहत मनासा में विशेष शिविर

नीमच। मनासा में जिला प्रशासन द्वारा 'संकल्प से समाधान' अभियान एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की पहल की हैं। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं और महिलाओं को नि:शुल्क पिंक ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं, साथ ही उनकी सुरक्षा के लिए नि:शुल्क हेलमेट भी प्रदान किए जा रहे हैं।

इस अभियान के तहत मनासा में अब तक 60 महिलाओं ने ड्राइविंग लाइसेंस के लिए नि:शुल्क पंजीयन कराया है। सोमवार को शासकीय रामचंद्र विश्वनाथ महाविद्यालय में आयोजित विशेष शिविर में विधायक श्री अनिरुद्ध माधव मारू एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अंकिता पंड्या ने ड्राइविंग लाइसेंस की प्रति और हेलमेट वितरित किए गए। लाइसेंस और हेलमेट प्राप्त कर बालिकाओं में विशेष उत्साह देखा गया।

लाभार्थी शिवानी ने कहा, कि जिला प्रशासन ने लाइसेंस के साथ हेलमेट प्रदान कर बेटियों की सुविधा के साथ-साथ उनकी सुरक्षा का भी ध्यान रखा है। विधायक श्री अनिरुद्ध मारू ने दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा, कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता हैं। कार्यक्रम में सहायक संचालक वैभव बैरागी, श्री अश्विन सोनी, श्री आनंद श्रीवास्तव, सुश्री टीना परमेश्वर दडींग, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एमएल धाकड़ सहित समस्त पर्यवेक्षक, बालिकाएं एवं महिलाएं उपस्थित थी।